ओ3म्

गुरुकुलकाङ्गड़ी (समविश्वविद्यालय), हरिद्वार

(नैक से 'A' ग्रेडप्राप्त एवं यूजीसी एक्ट 1956 के सैक्शन 3 के अन्तर्गत समविश्वविद्यालय)

संस्कृतविभाग

CHOICE BASED CREDIT SYSTEM (CBCS)

आधृत विद्यालङ्कार (बी. ए. संस्कृत ऑनर्स)

Vidyalankar (B.A. Sanskrit honours)

शिक्षा सत्र 2015- 16 से आरब्ध

स्नातकस्तरीय त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम

का

संशोधित स्वरूप

वर्ष 2019-20 से प्रभावी

विद्यालङ्कार (बी. ए. संस्कृत ऑनर्स) पाठ्यक्रम का उद्देश्य-

विद्यालङ्कार (बी. ए. संस्कृत ऑनर्स) स्नातक स्तरीय त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम है। समस्त विश्व का प्राच्यविद्यानिष्णात अधीती मनीषी विद्वान् इस तथ्य से सुपरिचित है कि संस्कृत-भाषा विश्व की सर्वोत्कृष्ट एवं अपनी शब्द-संरचना से कथ्य को स्पष्ट कर देने वाली सुपरिष्कृत भाषा है। इसे प्रायः समस्त भाषाओं की जननी के रूप में भी अभिषिक्त किया जाता है। इसका व्याकरण विश्व की भाषाओं में बेजोड़ है। इसमें विद्यमान विविध प्रकार का ज्ञानविज्ञान अनुपम एवं अद्वितीय है। इसमें उपलब्ध वाङ्मय का अध्ययन छात्रों को अध्यात्म की ऊँचाइयों को प्राप्त करवाने में जहाँ समर्थ है वहीं लौकिक धरा पर सर्वविध सौख्य का संवाहक भी। अतः गुरुकुलीय पृष्ठभूमि के अनुरूप छात्रों को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हुए इस पाठ्यक्रम के द्वारा संस्कृतनिष्ठ ज्ञान-विज्ञान से उन्नत होने के लिए स्नातक स्तर पर सर्वजनहिताय एक उर्वरा भूमि तैयार करना इसका मूल उद्देश्य है।

पाठ्यक्रम अध्ययन का परिणाम-

तीन वर्षों के इस पाठ्यक्रम का निर्माण इस प्रकार से किया गया है कि छात्र इसके अध्ययन से जहाँ संस्कृत भाषा में निश्चयेन वाचन, लेखन और सम्भाषण करने में प्रवीण होगा। वहीं निम्न बिन्दुओं के अनुसार विद्यार्थियों में परिणाम भी चरितार्थ होंगे ऐसा कहा जा सकता है। यथा-

- संस्कृतभाषा में निहित पद्य, गद्य, नीति आदि काव्यों के विविध स्वरूपों से वे परिचित होते हुए और तदनुरूप प्रगति करते हुए अपने भावी जीवन को खुशहाल बनाने में समर्थ होंगे।
- संस्कृतनिष्ठ प्राचीन वैज्ञानिक तथ्यों से सुपरिचित होंगे।
- प्राचीन इतिहास को जानने के लिए संस्कृतसाहित्य एक अत्युत्तम उपाय है, अतः उत्कीर्ण संस्कृत शिलालेखों के अध्ययन से प्राचीन भारत को अच्छे से समझ सकेंगे।
- आयुर्वेद प्राचीन भारत की स्वास्थ्य से सम्बन्धित धरोहर है,उसको जानकर अपने एवं अपने परिवार के जीवन मेंसुखसम्पदा लाने में समर्थ होंगे।
- समाज में उन्नत नैतिक मूल्यों के संवाहक हो सकेंगे।
- पाठ्यक्रम में पदे - पदे पढ़ाए जाने वाले जीवन के अन्तिम लक्ष्य से परिचित हो तदनुरूप जीवन-यापन करने से निश्चयेन हर प्रकार से निर्द्वन्द्व हो जी पायेंगे।

गुरुकुलकाङ्गड़ी (समविश्वविद्यालय), हरिद्वार

(नैक से 'A' ग्रेडप्राप्त एवं यूजीसी एक्ट 1956 के सैक्शन 3 के अन्तर्गत समविश्वविद्यालय)

संस्कृतविभाग

CBCS आधृत विद्यालङ्कार (बी. ए. संस्कृत ऑनर्स)

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

प्रथम वर्ष के दो सत्रों- प्रथम एवं द्वितीय का प्रारूप

विद्यालङ्कार (बी. ए. संस्कृत ऑनर्स) का यह पाठ्यक्रम त्रिवर्षीय है। प्रथम वर्ष दो सत्रात्मक तथा प्रथम एवं द्वितीय सत्र के रूप में प्रायः छः छः मास का होगा। इसके अन्तर्गत प्रथम एवं द्वितीय दोनों सत्रों में चार-चार पत्रों अर्थात् कुल आठ पत्रों के अध्यापन की संकल्पना है। दोनों सत्रों में दो-दो पत्र संस्कृत विषय के होंगे और दो दो अन्य विषयों से। अन्य विषयों में प्रथम सत्र में **पर्यावरण विज्ञान** से सम्बद्ध एक पत्र होगा और दूसरा पत्र छात्र **वेद/दर्शन/योग/प्राचीन भारतीय इतिहास/राजनीति विज्ञान आदि किसी भी एक विषय के (Generic Elective) GE के प्रश्न पत्रों में से** अपनी अभिरुचि के अनुसारचयन कर पढ़ने के लिए स्वतन्त्र होगा। इसी प्रकार द्वितीय सत्र में छात्र संस्कृत के दो पत्रों से अतिरिक्त **तृतीय पत्र अंग्रेजी का** और **चतुर्थ** पूर्ववत् अपनी अभिरुचि का पढ़ेगा। प्रत्येक पत्र का अधिभार कुल 100 अंक का होगा और क्रेडिट की दृष्टि से 06, 06 क्रेडिट का होगा। इन 100 अंकों में भी निर्धारित मानदण्डों के अनुसार प्रत्येक प्रश्न पत्र में 70 अंक का मूल्याङ्कन सत्रान्त परीक्षा के माध्यम से होगा,जिसमें परीक्षा के लिए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर 3, 3 घण्टे में देनें होंगे। एवं 30 अंक का मूल्याङ्कन आन्तरिक परीक्षा पर आधृत होगा, इस प्रकार कुल मिलाकर दोनों सत्रों के कुल अंकों का योग 100×4×2 = 800 रहेगा और क्रेडिट की दृष्टि से 6×4×2 = 48 काहोगा।

द्वितीय वर्ष के दो सत्रों- तृतीय एवं चतुर्थका प्रारूप

त्रिवर्षीय इस पाठ्यक्रम का द्वितीय वर्ष भी दो सत्रात्मक तथा तृतीय एवं चतुर्थ सत्र के रूपमेंसंकल्पित है।इनका भी प्रायः छः छः मास का काल है। इनके अन्तर्गत तृतीय एवं चतुर्थ दोनों सत्रों में पाँच-पाँच पत्र कुल 10 पत्रों की पाठ्यसामग्री निर्धारित है। एक अन्य विशेष अतिरिक्त पत्र भी **भारतीय ज्ञानपरम्परा** के नाम से तृतीय सत्र में अनिवार्यरूपेण विश्वविद्यालय की परम्परा के अनुरूप पढ़ने के लिए संयुक्त किया गया है। इस प्रकार **ग्यारह पत्रों** वाले इस वर्ष के पाठ्यक्रम में दोनों सत्रों में **तीन तीन** पत्र मुख्य पाठ्यक्रम से सम्बद्ध रखे गये हैं अर्थात् कुल छः पत्रों के अध्यापन की संकल्पना मुख्य विषयके अन्तर्गत है। प्रत्येक पत्र का अधिभार कुल 100 अंक का होगा और क्रेडिट की दृष्टि से 06, 06 क्रेडिट का होगा। इन 100 अंकों में भी निर्धारित मानदण्डों के अनुसार प्रत्येक प्रश्न पत्र में 70 अंक का मूल्याङ्कन सत्रान्त परीक्षा के माध्यम से होगा, जिसमें परीक्षा के लिए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर 3, 3 घण्टे में देनें होंगे। एवं 30 अंक का मूल्याङ्कन आन्तरिक परीक्षा पर आधृत होगा। इस प्रकार मुख्य विषय केअन्तर्गत दोनों सत्रों के कुल अंकों का योग 100×3×2= 600 रहेगा और क्रेडिट की दृष्टि से 6×3×2 =36 काहोगा। इन छः पत्रों से अतिरिक्त दोनों सत्रों में ही **एक-एक** पत्र **कौशल अभिवृद्धि वैकल्पिक पाठ्यक्रम** (SkillEnhancement Elective Course) (SEC) के भी रखे गये हैं। इसके पत्रों का मूल्याङ्कन भी पूर्व पत्रों

की तरह 70+30 के आधार पर होगा। दोनों सत्रों के दोनों पत्रों के अंकों का योग 100×1×2 = 200 रहेगा और क्रेडिट की दृष्टि से 4×1×2=08 काहोगा।दोनों सत्रों में एक-एक पत्र प्रथम एवं द्वितीय सत्र के अनुरूप **Generic Elective** का पढ़ना होगा। जिसे छात्रों ने **वेद/दर्शन/योग/प्राचीन भारतीय इतिहास/राजनीति विज्ञान आदि किसी भी एक विषय में से** अपनी अभिरुचि के अनुसार चुन कर गत वर्ष पढ़ा था।दोनों सत्रों के दोनों पत्रों के अंकों का योग 100×1×2= 200 रहेगा और क्रेडिट की दृष्टि से 6×1×2=12 का होगा। तृतीय सत्र में **भारतीय ज्ञानपरम्परा**पत्र का मूल्याङ्कन भी 70+30 के आधार पर 100 अंक का होगा और क्रेडिट की दृष्टि से 04 क्रेडिट का होगा। इस प्रकार ग्यारह पत्रों का कुल अधिभार 1100 अंकों का एवं कुल क्रेडिट 60 होंगे।

तृतीय वर्ष के दो सत्रों- पञ्चम एवं षष्ठ का प्रारूप

त्रिवर्षीय इस पाठ्यक्रम का तृतीय वर्ष भी दो सत्रात्मक तथा पञ्चम एवं षष्ठ सत्र के रूप में संकल्पित है। इनका भी प्रायः छः-छः मास का काल है। इसके अन्तर्गत पञ्चम एवं षष्ठ दोनों सत्रों में चार-चार पत्रों अर्थात् कुल आठ पत्रों के अध्यापन की संकल्पना है। दोनों सत्रों में दो-दो पत्र अर्थात् कुल चार पत्र मुख्य पाठ्यक्रम के अन्तर्गत हैं और दो-दो पत्र अर्थात् कुल चार पत्र विशिष्ट शिक्षण वैकल्पिक (DISCIPLINE SPECIFIC ELECTIVE) (DSE) के अन्तर्गत पाठ्यविषय के रूप में निर्धारित किए गये हैं। प्रत्येक पत्र 100 अंक का होगा, जिसमें परीक्षा के लिए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर 3 घण्टे में देनें होंगे। प्रश्न पत्र में निर्धारित मानदण्डों के अनुसार पूर्व वर्षों की तरह अंको के निर्धारण में 70 अंक का मूल्याङ्कन सत्रान्त परीक्षा के माध्यम से एवं 30 अंक का मूल्याङ्कन आन्तरिक परीक्षा पर आधृत होगा और क्रेडिट की दृष्टि से 06 क्रेडिट का होगा, इस प्रकार कुल मिलाकर दोनों सत्रों के कुल अंकों का योग 100×4×2 = 800 रहेगा और क्रेडिट की दृष्टि से 6×4×2 = 48 का होगा।

गुरुकुलकाङ्गड़ी (समविश्वविद्यालय), हरिद्वार

(नैक से 'A' ग्रेडप्राप्त एवं यूजीसी एक्ट 1956 के सैक्शन 3 के अन्तर्गत समविश्वविद्यालय)

संस्कृतविभाग

CBCS आधृत विद्यालङ्कार (बी. ए. संस्कृत ऑनर्स)

Vidyalankar (B.A. Sanskrit honours)

स्नातकस्तरीय पाठ्यक्रम

का

संक्षिप्त प्रारूप

संशोधित पाठ्यक्रम - 2019-20 से प्रभावी

प्रथम सत्र (Semester- Ist)

मुख्य पाठ्यक्रम (Core course)

A Core Course, which should compulsorily be studied by a candidate

Subject Code	पाठ्यक्रम शीर्षक Subject Title	Period Per Week		Evaluation Scheme			कुल अंक अधिभार	Credits
				सत्रीय मूल्याङ्कन (Sessional)		सत्रान्त परीक्षा (ESE)		
		L	T	CT	TA			
HSA- C111	संस्कृत-साहित्य (पद्य काव्य) Classical Sanskrit Literature (Poetry)	5	1	20	10	70	100	6
HSA- C112	संस्कृतसाहित्य का समालोचनात्मक सर्वेक्षण Critical Survey of Sanskrit Literature	5	1	20	10	70	100	6
						कुल = 200		कुल =12

Ability enhancement compulsory course(AECC) **An elective Course Chosen generally from an unrelated discipline/ Subject.** **इसके अन्तर्गत सम्बद्ध विभाग से सम्पर्क कर छात्र निम्नलिखित पत्र का अध्ययन कर सकेंगे।**								
BEN- A101	Environmental science	5	1	20	10	70	100	6
						कुल = 100अंक		कुल =06
Generic Elective Papers (Any one) **An elective Course Chosen generally from an unrelated discipline/ Subject.** **निम्नलिखित पत्रों में से किसी भी एक पत्र को अन्य किसी भी विषय के छात्र चयन कर सकेंगे।**								
HSA-G111	आधारभूत संस्कृत Basic Sanskrit	5	1	20	10	70	100	6
HSA-G112	भारतीय संस्कृति एवं सामाजिक–समस्याएँ Indian Culture and Social Issues	5	1	20	10	70	100	6
HSA-G113	संस्कृत एवं अन्य आधुनिक भारतीय भाषाएँ Sanskrit and Other Modern Indian Languages	5	1	20	10	70	100	6
						कुल = 100 अंक		कुल = 06
नोट- संस्कृत ऑनर्स के छात्रों को वेद/दर्शन/योग/प्राचीन भारतीय इतिहास/राजनीति विज्ञान आदि विषयों के GE के प्रश्न पत्रों में से अपनी अभिरुचि के अनुसार किसी एक पत्र का अनिवार्य रूप से चयन करना होगा।								
द्वितीय- सत्र (Semester- IInd) **मुख्य पाठ्यक्रम (Core course)** **A Core Course, which should compulsorily be studied by a candidate**								
HSA-C211	संस्कृत साहित्य (गद्य काव्य) Classical Sanskrit Literature (Prose)	5	1	20	10	70	100	6

HSA-C212	गीता में आत्मप्रबन्धन Self Management in Gita	5	1	20	10	70	100	6
						कुल = 200अंक		कुल =12
Ability enhancement compulsory course(AECC) **An elective Course Chosen generally from an unrelated discipline/ Subject.** **इसके अन्तर्गत सम्बद्ध विभाग से सम्पर्क कर छात्र निम्नलिखित एक पत्र का अध्ययन कर सकेंगे।**								
BEG- A201	English communication	5	1	20	10	70	100	6
						कुल = 100अंक		कुल =06
Generic Elective Papers (Any one) **An elective Course Chosen generally from an unrelated discipline/ Subject.** **निम्नलिखित पत्रों में से किसी भी एक पत्र को अन्य विषय के छात्र चयन करेंगे ।**								
HSA-G211	संस्कृतसाहित्य **Sanskrit Literature**	5	1	20	10	70	100	6
HSA-G212	भारतीयसौन्दर्यशास्त्र Indian Aesthetics	5	1	20	10	70	100	6
HSA-G213	भारतीय दर्शन के मौलिक सिद्धान्त Fundamentals Of Indian Philosophy	5	1	20	10	70	100	6
						कुल = 100अंक		कुल =06
नोट- संस्कृत ऑनर्स के छात्र को वेद/दर्शन/योग/प्राचीन भारतीय इतिहास/राजनीति विज्ञान आदि विषयों के GE के प्रश्न पत्रों में से अपनी अभिरुचि के अनुसारकिसी एक पत्र का अनिवार्य रूप से चयन करना होगा ।								
तृतीय सत्र (Semester IIIrd) **मुख्य पाठ्यक्रम (Core course)** **A Core Course, which should compulsorily be studied by a candidate**								
HSA-C311	शास्त्रीय संस्कृत साहित्य (नाटक) Classical Sanskrit	5	1	20	10	70	100	6

	Literature (Drama)							
HSA-C312	संस्कृत काव्यशास्त्र और साहित्यिक समीक्षा Sanskrit Poetics and Literary Criticism	5	1	20	10	70	100	6
HSA-C313	भारतीय सामाजिक संस्थाएँ और राजनीति Indian Social Institutions and Polity	5	1	20	10	70	100	6
							कुल =300 अंक	क्रेडिट 18
Skill Enhancement Elective Course (SEC) Any one **SEC-Courses value and skill based. This course aimed at providing hands on training, Competencies, Skills, etc** **निम्नलिखित पत्रों में से किसी भी एक पत्र को संस्कृत ऑनर्स के छात्र एवं अन्य पाठ्यक्रमों के छात्र भी चयन कर सकते हैं।**								
HSA-S311	अभिनय एवं पटकथा लेखन Acting and Script Writing	3	1	20	10	70	100	4
HSA-S312	ब्राह्मीलिपि का अध्ययनकौशल Reading Skills in Brahmi Scripts	3	1	20	10	70	100	4
							कुल =100 अंक	क्रेडिट 04

Generic Elective Papers (Anyone) **An elective Course Chosen generally from an unrelated discipline/ Subject.** **निम्नलिखित पत्रों में से किसी भी एक पत्र का अन्य विषय के छात्र चयन करेंगे।**								
HSA-G311	प्राचीन भारतीय राजव्यवस्था Ancient Indian Polity	5	1	20	10	70	100	6
HSA-G312	भारतीय पुरालेख एवं शिलालेख Indian Epigraphy & Paleography	5	1	20	10	70	100	6
HSA-G313	संस्कृत हेतु कम्प्यूटर अनुप्रयोग Computer Applications For Sanskrit	5	1	20	10	70	100	6
							कुल = 100अंक	कुल =06
नोट- संस्कृत ऑनर्स के छात्र को वेद/दर्शन/योग/प्राचीन भारतीय इतिहास/राजनीति विज्ञान आदि विषयों के GE के प्रश्न पत्रों में से अपनी अभिरुचि के अनुसार किसी एक पत्र का अनिवार्य रूप से चयन करना होगा।								
भारतीय ज्ञानपरम्परा (BKT) विशेष- तृतीय सत्र\चतुर्थ सत्र में इस पत्र को अतिरिक्त पत्र के रूप में विश्वविद्यालय के सभी विभागों के स्नातक स्तर के सभी छात्रों को पढ़ना अनिवार्य है। व्यावसायिक पाठ्यक्रम के छात्र इस पत्र को चतुर्थ में पढेंगे तथा अन्य सभी तृतीय सत्र में पढेंगे। इस प्रश्न-पत्र को प्राचीन भारतीय ज्ञान- विज्ञान से छात्रों को परिचित कराने के उद्देश्य से पाठ्यक्रम में समाहित किया गया है।								
BKT-A301	**भारतीय ज्ञानपरम्परा** **Bharateeya Jnanaparampara**	**3**	**1**	**20**	**10**	**70**	**100**	**4**
							कुल =100 अंक	**कुल =4**

चतुर्थ सत्र (Semester-IVth)

मुख्य पाठ्यक्रम (Core Course)

A Core Course, Which should compulsorily be studied by a candidate

HSA-C411	भारतीय अभिलेख, प्राचीन लिपिविज्ञान एवं कालक्रम Indian Epigraphy, Paleography and Chronology	5	1	20	10	70	100	6
HSA-C412	आधुनिक संस्कृत साहित्य Modern Sanskrit Literature	5	1	20	10	70	100	6
HSA-C413	संस्कृत और विश्व साहित्य Sanskrit and world Literature	5	1	20	10	70	100	6
						कुल =300 अंक		कुल =18

Skill Enhancement Elective Course (SEC)

Any one SEC Course is value and skill based. This course aimed at providing hands on training, Competencies, Skills etc.

निम्नलिखित पत्रों में से किसी भी एक पत्र को संस्कृत ऑनर्स के छात्र एवं अन्यपाठ्यक्रमों के छात्र भी चयन कर सकते हैं।

HSA-S411	मशीनी अनुवाद: उपकरण और तकनीक Machine Translation : Tools and Techniques	3	1	20	10	70	100	4
HSA-S412	भारतीय लिपियों का विकास Evolution of Indian Scripts	3	1	20	10	70	100	4
HSA-S413	संस्कृत छन्द और संगीत Sanskrit Meters and Music	3	1	20	10	70	100	4
							कुल =100 अंक	कुल

								=04

Generic Elective Papers (Any one)

An elective Course Chosen generally from an unrelated discipline/ Subject.

निम्नलिखित पत्रों में से किसी भी एक पत्र को अन्य विषयों के छात्र चयन करेंगे। परन्तु संस्कृत ऑनर्स के छात्र वेद/दर्शन/प्राचीन भारतीय इतिहास/ राजनीति विज्ञान विषयक GE पत्र का अध्ययन करेंगे।

HSA-G411	भारतीय सामाजिक विचार में व्यक्ति, परिवार एवं समुदाय Individual, Family and community In Indian Social Thought	5	1	20	10	70	100	6
HSA-G412	राष्ट्रीयता एवं भारतीय साहित्य Nationalism and Indian Literature	5	1	20	10	70	100	6
HSA-G413	भारतीय स्थापत्य-प्रणाली Indian Architectural System	5	1	20	10	70	100	6
						कुल =100अंक		कुल =06

पञ्चम-सत्र (Semester-Vth)

मुख्य पाठ्यक्रम (Core Course)

A Core Course, Which should compulsorily be studied by a candidat

HSA-C511	**वैदिक साहित्य** Vedic Literature	5	1	20	10	70	100	6
HSA-C512	संस्कृत व्याकरण (लघुसिद्धान्तकौमुदी) Sanskrit Grammar (Laghusiddhantkaumudi)	5	1	20	10	70	100	6

						अंक - 200		क्रेडिट - 12
DISCIPLINE SPECIFIC ELECTIVE (DSE) **any two Elective course may be offered by the main discipline/subject of study** **निम्नलिखित पत्रों में से किन्ही दो पत्रों को संस्कृत ऑनर्स के छात्र चयन कर सकते हैं।**								
HSA-E511	तर्क एवं वादविवाद की भारतीय पद्धति Indian System of Logic and Debate	5	1	20	10	70	100	6
HSA-E512	सन्तुलित जीवन की कला Art of Balanced Living	5	1	20	10	70	100	6
HSA-E513	संस्कृत में रंगमञ्च और नाट्यकला Theatre and Dramaturgy in Sanskrit	5	1	20	10	70	100	6
HSA-E514	संगणकीय संस्कृत भाषा के लिये उपकरण एवं तकनीक Tools and Techniques for Computing Sanskrit Language	5	1	20	10	70	100	6
							कुल =200अंक	**कुल =12**
षष्ठ –सत्र (Semester-VIth) **मुख्य पाठ्यक्रम (Core Course)** **A Core Course, Which should compulsorily be studied by a candidate**								
HSA-C611	भारतीय सत्तामीमांसा और ज्ञानमीमांसा Indian Ontology and Epistemology	5	1	20	10	70	100	6
HSA-C612	संस्कृत लेखन एवं सम्प्रेषण Sanskrit Composition and Communication	5	1	20	10	70	100	6
							कुल अंक - 200	Credit - 12

DISCIPLINE SPECIFIC ELECTIVE (DSE) any two Elective course may be offered by the main discipline/subject of study								
HSA-E611	संस्कृत भाषाविज्ञान Sanskrit Linguistics	5	1	20	10	70	100	6
HSA-E612	संस्कृत के लिए संगणकीय भाषाविज्ञान Computational Linguistics for Sanskrit	5	1	20	10	70	100	6
HSA-E613	आयुर्वेद के मौलिक सिद्धान्त Fundamentals of Ayurveda	5	1	20	10	70	100	6
HSA-E614	संस्कृत साहित्य में पर्यावरण जागरूकता Environmental Awareness in Sanskrit Literature	5	1	20	10	70	100	6
							कुल = 200 अंक	**कुल = 12**

L= Lecture T= Tutorial CT = Cumulative Test TA= Teacher Assessment ESE -= End Semester Examination

गुरुकुलकाङ्गड़ी (समविश्वविद्यालय), हरिद्वार

संस्कृतविभाग

CBCS आधृत विद्यालङ्कार (बी. ए. संस्कृत ऑनर्स)

पाठ्यक्रम के

प्रथम वर्ष के दो सत्रों- प्रथम एवं द्वितीय का प्रारूप

विद्यालङ्कार (बी. ए. संस्कृत ऑनर्स) का यह पाठ्यक्रम त्रिवर्षीय है। प्रथम वर्ष दो सत्रात्मक तथा प्रथम एवं द्वितीय सत्र के रूप में प्रायः छः छः मास का होगा। इसके अन्तर्गत प्रथम एवं द्वितीय दोनों सत्रों में चार चार पत्रों अर्थात् कुल आठ पत्रों के अध्यापन की संकल्पना है। दोनों सत्रों में दो दो पत्र संस्कृत विषय के होंगे और दो दो अन्य विषयों से। अन्य विषयों में प्रथम सत्र में **पर्यावरण विज्ञान** से सम्बद्ध एक पत्र होगा और दूसरा पत्र छात्र **वेद/दर्शन/योग/प्राचीन भारतीय इतिहास/राजनीति विज्ञान आदि किसी भी एक विषय के (Generic Elective) GE के प्रश्न पत्रों में से** अपनी अभिरुचि के अनुसार चुन कर पढने के लिए स्वतन्त्र होगा। इसी प्रकार द्वितीय सत्र में छात्र संस्कृत के दो पत्रों से अतिरिक्त **तृतीय पत्र अंग्रेजी का** और **चतुर्थ** पूर्ववत् अपनी अभिरुचि का पढेगा। प्रत्येक पत्र कुल 100, 100 अंक का होगा। इन 100 अंकों में भी निर्धारित मानदण्डों के अनुसार प्रत्येक प्रश्न पत्र में 70 अंक का मूल्याङ्कन सत्रान्त परीक्षा के माध्यम से होगा, जिसमें परीक्षा के लिए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर 3, 3 घण्टे में देनें होंगे। एवं 30 अंक का मूल्याङ्कन अध्यापक के द्वारा आन्तरिक परीक्षा पर आधृत होगा और क्रेडिट की दृष्टि से 06, 06 क्रेडिट का होगा, इस प्रकार कुल मिलाकर दोनों सत्रों के कुल अंकों का योग 100×4×2 = 800 रहेगा और क्रेडिट की दृष्टि से 6×4×2 = 48 का होगा।

विद्यालङ्कार (B.A. Sanskrit Hons.)
संस्कृत विषय के लिये विस्तृत पाठ्यक्रम
Detail of the Core Course for Sanskrit
सत्र- प्रथम (Semester- I)

आधारभूत पत्र (Core paper)
Paper Code HSA-C111

संस्कृत-साहित्य (पद्य काव्य)
Classical Sanskrit Literature (Poetry)

पूर्णाङ्क -100
सत्रान्त परीक्षा -70
आन्तरिक परीक्षा-30
क्रेडिट- 06

प्रस्तावित पाठ्यक्रम (Prescribed Course)

खण्ड- क (Section-A)- रघुवंशमहाकाव्यम् (प्रथम सर्ग- श्लोक संख्या 1-40)

खण्ड- ख(Section-B)- कुमारसम्भवमहाकाव्यम् (पञ्चम सर्ग- श्लोक संख्या 1-30)

खण्ड- ग(Section-C)- किरातार्जुनीयमहाकाव्यम् (प्रथम सर्ग- श्लोक संख्या 1-25)

खण्ड- घ(Section-D) - नीतिशतकम् (प्रथम 1-50 श्लोक)

खण्ड- ङ(Section-E) - महाकाव्य एवं गीतिकाव्य की उत्पत्ति और विकास

पाठ्यक्रम का उद्देश्य-

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थी को क्लासिकल अर्थात् शास्त्रीय संस्कृत पद्य की जानकारी देना है। इसका मन्तव्य साहित्य की ऐसी समझ प्रदान करना है, जिससे कि विद्यार्थी संस्कृत साहित्य के विकास को समझ सकेंगे। पाठ्यक्रम का एक उद्देश्य यह भी है कि छात्र भाषा का प्रयोग सम्यक् रूप से करने में समर्थ हो सकें।

पाठ्यक्रम अध्ययन परिणाम-

1. इस के अध्ययन से छात्र संस्कृत पद्य रचना की प्रवृत्ति एवं सिद्धान्तों से परिचित हो जायेगा।
2. संस्कृतभाषा के संरचनात्मक भाषावैशिष्ट्य से परिचित हो भाषा के प्रयोग में सफल होगा।
3. नैतिक मूल्यों में श्रीवृद्धि होगी, जिससे समाज में एक श्रेष्ठ नागरिक के रूप में पहचाना जायेगा।

घटकानुरूप विभाजन(Unit-Wise Division)

खण्ड – क (Section–A)

रघुवंशमहाकाव्यम्(प्रथम सर्ग- श्लोक संख्या 1-40)

घटक (Unit) –1(क) परिचय-कवि एवं कृति **(ख)** प्रथम सर्ग- विषयवस्तु

घटक(Unit)–2(क) व्याकरणात्मक-विश्लेषण,श्लोकों का अनुवाद एवं स्पष्टीकरण (व्याख्या)

(ख) विषय का विश्लेषणात्मक सारांश **(ग)** चरित्र-चित्रण

खण्ड –ख (Section–B)

कुमारसम्भवमहाकाव्यम् (पञ्चम सर्ग- श्लोक संख्या 1-30)

घटक (Unit) –1(क) परिचय-कवि एवं कृति

(ख)पञ्चम सर्ग की विषयवस्तु और पृष्ठभूमि

(ग) व्याकरणात्मक-विश्लेषण, श्लोकों का अनुवाद एवं स्पष्टीकरण (व्याख्या)

घटक (Unit) –2(क) कवि की काव्यात्मक विशिष्टता तथा कथावस्तु- योजना **(ख)** पार्वती की तपस्या

खण्ड–ग (Section–C)

किरातार्जुनीयमहाकाव्यम् (प्रथम सर्ग- श्लोक संख्या 1-25)

घटक (Unit)-1(क) परिचय-कवि एवं कृति

(ख) प्रथम सर्ग की विषयवस्तु और पृष्ठभूमि

(ग) व्याकरणात्मक-विश्लेषण, श्लोकों का अर्थ एवं अनुवाद, स्पष्टीकरण (व्याख्या)

घटक (Unit) –2(क) कवि की काव्यात्मक विशिष्टता

(ख) विषयपरक विश्लेषण

खण्ड–घ (Section–D)

नीतिशतकम् (प्रथम 1-50 श्लोक)

घटक (Unit)-1 नीतिशतकम् काव्य का व्याकरणात्मक-विश्लेषण, श्लोकों का अनुवाद एवं स्पष्टीकरण (व्याख्या)

घटक (Unit)-2 (क) कवि की काव्यात्मक विशिष्टता तथा विषयपरक विश्लेषण

(ख) भर्तृहरि के नीतिशतकगत सामाजिक समीक्षा

खण्ड–ङ (Section–E)

महाकाव्य एवं गीतिकाव्य की उत्पत्ति और विकास

घटक (Unit)-1 विविध-महाकाव्यों की उत्पत्ति और विकास – अश्वघोष, कालिदास, भारवि, माघ, भट्टि तथा श्रीहर्ष के विशेष सन्दर्भ में।

घटक (Unit)-2 संस्कृत-गीतिकाव्यों की उत्पत्ति और विकास- कालिदास, बिल्हण, जयदेव, अमरूक तथा भर्तृहरि के विशेष सन्दर्भ में।

अनुशंसित ग्रन्थ(Suggested Books/Readings)

1. C.R. Devadhar (Ed.), Raghuvansham of Kalidasa, MLBD. Delhi.
2. M.R. Kale (Ed.), Raghuvansham of Kalidasa,MLBD, Delhi.
3. Gopal RaghunathNandargikar (Ed.), Raghuvansham of Kalidasa, MLBD, Delhi.
4. कृष्णमणि त्रिपाठी, रघुवंशम्(मल्लिनाथकृत सञ्जीवनीटीका), चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी
5. नेमिचन्द्र शास्त्री, कुमारसम्भवम्, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली
6.M.R. Kale (Ed.), Kumarasambhavam, MLBD, Delhi.
7. समीर शर्मा, मल्लिनाथकृत घण्टापथटीका, भारविकृत किरातार्जुनीयम्, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी
8. जनार्दन शास्त्री, भारवि कृत किरातार्जुनीयम्, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली
9. M.R. Kale (Ed.), Kiratarjuneeyam of Bharavi, MLBD, Delhi.
10. M.R. Kale (Ed.), Neetishatakam of Bhartṛhari, MLBD., Delhi.
11. विष्णुदत्त शर्मा शास्त्री(व्या.), भर्तृहरिकृत नीतिशतकम्, विमलचन्द्रिकासंस्कृतटीका व हिन्दी- व्याख्यासहित, ज्ञानप्रकाशन, मेरठ, संवत् 2034.
12. तारणीश झा. रामनारायणलाल बेनीमाधव(व्या.), संस्कृतटीका, हिन्दी व अंग्रेजीव्याख्या अनुवादसहित, इलाहाबाद, 1976.
13. मनोरमा हिन्दी-व्याख्या सहित, (व्या.) ओमप्रकाश पाण्डये, भर्तृहरि कृत नीतिशतकम्, चौखम्बाअमरभारती प्रकाशन, वाराणसी, 1982
14. बाबूराम त्रिपाठी(सम्पा.), भर्तृहरि कृत नीतिशतकम् महालक्ष्मी प्रकाशन, आगरा, 1986!
15. Mirashi, V.V. :Kalidasa, Popular Publication, Mumbai.
16. Keith, A.B.: History of Sanskrit Literature, MLBD, Delhi.
17. Krishnamachariar :History of Classical Sanskrit Literature, MLBD, Delhi
18. GaurinathSHSAtri : A Concise History of Sanskrit Literature, MLBD, Delhi
19. Winternitz, Maurice: Indian Literature (Vol. I-III), also Hindi Translation, MLBD, Delhi.

विद्यालङ्कार (B.A. Sanskrit Hons.)
संस्कृत विषय के लिये विस्तृत पाठ्यक्रम
Detail of the Core Course for Sanskrit
सत्र- प्रथम (Semester –I)

आधारभूत पत्र (Core paper)
Paper–HSA-C112

संस्कृतसाहित्य का समालोचनात्मक सर्वेक्षण
Critical Survey of Sanskrit Literature

पूर्णाङ्क -100
सत्रान्त परीक्षा -70
आन्तरिक परीक्षा-30
क्रेडिट- 06

प्रस्तावित पाठ्यक्रम (Prescribed Course)
खण्ड- क (Section-A) - वैदिकसाहित्य
खण्ड- ख (Section-B) - वाल्मीकि - रामायण
खण्ड- ग (Section-C) - महाभारत
खण्ड- घ (Section-D)- पुराण

पाठ्यक्रम का उद्देश्य-

यह पाठ्यक्रम छात्रों को संस्कृत साहित्य के विकास क्रम की यात्रा से परिचित कराता है जिसकी सीमा वैदिक साहित्य से लेकर पुराण साहित्य तक है। यह विद्यार्थियों को विभिन्न शास्त्रीय पद्धतियों की रूपरेखा से अवगत कराता है जिसके माध्यम से विद्यार्थी संस्कृत साहित्य और शास्त्र की विभिन्न पद्धतियों को जान सकेंगे।

पाठ्यक्रम अध्ययन परिणाम-

1. इस पाठ्यक्रमके अध्ययन से छात्रों को संस्कृतसाहित्यगत विपुल वाङ्मय की जानकारी होगी।
2. साहित्यगत उदात्त भावनाओं के अध्ययन का भी निश्चितरूपेण जीवन पर प्रभाव होगा जिससेवे समाज के लिए उपयोगी होंगे।

घटकानुरूप विभाजन (Unit-Wise Division)

खण्ड-क (Section – A) वैदिकसाहित्य

घटक (Unit)-1(क) वैदिकसंहिताओं (ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद एवं अथर्ववेद) का रचना काल एवं विषय-वस्तु।

(महर्षि दयानन्द कृत ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका के अनुसार)

(ख) वेदों में निहित धर्म और दर्शन का स्वरूप (महर्षि दयानन्द कृत ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका के अनुसार वेदोक्त धर्म विषय, उपासनाविषय एवं आकर्षणानुकर्षण विषय)

घटक (Unit)-2 ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद् तथा वेदाङ्ग का संक्षेप में परिचयात्मक अध्ययन

खण्ड-2 (Section-B)

वाल्मीकि–रामायण

घटक (Unit)-1 वाल्मीकि - रामायण का रचना काल, विषय- वस्तु तथा आदिकाव्यत्व ।

घटक (Unit)-2 वाल्मीकि - रामायण का सांस्कृतिक महत्त्व (शिक्षा का स्वरूप, पारिवारिक स्वरूप, सदाचार, स्त्री सम्मान)।

खण्ड-3 (Section-C)

महाभारत

घटक (Unit)-1 महाभारत का रचनाकाल, विकास एवं विषय-वस्तु।

घटक (Unit)-2 महाभारत का विश्वज्ञानकोषस्वरूप, यक्षयुधिष्ठिर संवाद का महत्त्व, तप का स्वरूप एवं महत्त्व, पर्यावरण-चेतना, वर्णाश्रमधर्म।

खण्ड-4 (Section-D)

पुराण

घटक (Unit)-1 पुराणों की विषय- वस्तु एवं लक्षण।

घटक (Unit)-2 पुराणों का सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्त्व।

संस्तुतग्रन्थाः

1.स्वामी दयानन्द सरस्वती, ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका, परोपकारिणी सभा, अजमेर
2.बलदेव उपाध्याय, संस्कृत साहित्य का इतिहास, शारदा निकेतन, वाराणसी,
3. बलदेव उपाध्याय, वैदिक साहित्य और संस्कृति, वाराणसी
4. बलदेव उपाध्याय,पुराण विमर्श
5. प्रीतिप्रभा गोयल, संस्कृतसाहित्य का इतिहास, राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर.
6. उमाशंकर शर्मा ऋषि, संस्कृतसाहित्य का इतिहास, चौखम्बा भारती अकादमी, वाराणसी
7. राधावल्लभ त्रिपाठी, संस्कृत साहित्य का अभिनव इतिहास, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी
8.A.B. Keith,History of Sanskrit Literature, also Hindi translation, MLBD, Delhi. (हिन्दी अनवुाद, मंगलदेव शास्त्री, मोतीलाल बनारसीदास,दिल्ली).
9. M. Krishnamachariar, History of Classical Sanskrit Literature, MLBD, Delhi.
10. GaurinathSHSAtri, A Concise History of Sanskrit Literature, MLBD, Delhi.
11. Maurice Winternitz, Indian Literature (Vol. 1-2I), also Hindi Translation, MLBD, Delhi.

विद्यालङ्कार (B.A. Sanskrit Hons.)
संस्कृत विषय के लिये CBCS के अन्तर्गतविस्तृत पाठ्यक्रम
Detail of the Generic Elective (GE) Course for Sanskrit

(विश्वविद्यालय के संस्कृत विषय से भिन्न छात्रों हेतु पाठ्यक्रम)

सत्र- प्रथम (Semester- 1)

मौलिक-वैकल्पिक-विषय | **आधारभूत संस्कृत** | **पूर्णाङ्क -100**
Generic Elective (GE) | **Basic Sanskrit** | **सत्रान्त परीक्षा -70**
Paper–HSA – G111 | | **आन्तरिक परीक्षा-30**
| | **सकल-अर्जिताधिभार 06**

प्रस्तावित पाठ्यक्रम (Prescribed Course)
खण्ड-क(Section-A) संस्कृत-व्याकरण
खण्ड- ख (Section-B) संस्कृत-व्याकरण
खण्ड- ग (Section-C) अपरीक्षितकारक (पञ्चतन्त्र)

पाठ्यक्रम का उद्देश्य-

इस पाठ्यक्रम का निर्माण विश्वविद्यालय के संस्कृतेतरछात्र, जो संस्कृत पढ़ने के इच्छुक हैं, लेकिन जिन्होंने अभी तक संस्कृत भाषा का अध्ययन नहीं किया है या बहुत ही कम किया है, उनके लिए किया गया है, जिससे वे संस्कृतभाषा की सामान्य जानकारी प्राप्त कर सकें।साथ ही मानव की कथा में विशेष प्रवृत्ति को देखते हुए कथासाहित्य के माध्यम से नैतिकमूल्यों को प्रदान करना भी इस पत्र का उद्देश्य है।

पाठ्यक्रम अध्ययन परिणाम-

1. इस पाठ्यक्रम के अध्ययन से वे छात्र लाभान्वित होंगे, जो संस्कृत सर्वथा आरम्भ से सीखना चाहते हैं।
2. छात्र संस्कृत की वाक्यसंरचना की वैज्ञानिकता को अपनी बौद्धिक क्षमता में स्थान दे सकेंगे।

घटकानुरूप विभाजन(Unit-Wise Division)

खण्ड- (Section-A)

संस्कृत-व्याकरण

घटक- क (Unit-1) शब्द-रूप - सर्वनाम- शब्द- अस्मद्, युष्मद्, एतद्, तत्, यत्,किम् **(इनके तीनों लिङ्गों में)**

घटक - ख (Unit-2) शब्द-रूप -राम, हरि, गुरु, पितृ, फल, मधु, लता, मति, नदी

घटक - ग (Unit-3) शब्द-रूप - भवत्, ज्ञान, वाक्

खण्ड- (Section–2)

संस्कृत-व्याकरण

घटक क (Unit–1) धातु- रूप- लट्, लङ्, लोट् तथा लृट् चारों लकारों में धातुरूप- पठ्, खाद्, लिख्, कृ, श्रु, दा, ज्ञा

घटक ख (Unit–2) धातु- रूप - लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ् तथा लृट् पाँच लकारों में धातुरूप -आत्मनेपद – एध्, सेव्, लभ्

घटक ग (Unit–3) कारक (विभक्ति-प्रकरण)

घटक घ(Unit–4) सन्धि प्रकरण एवं प्रत्यय

(क) स्वर (यण्, गुण, अयादि, सवर्णदीर्घ)

(ग) सामान्य हिन्दी वाक्यों का (खण्ड -1 के शब्दरूपएवं खण्ड 2 के प्रथम एवं द्वितीय घटक के धातुरूप के आधार पर) **संस्कृत अनुवाद**

खण्ड- ग (Section-C) अपरीक्षितकारक (पञ्चतन्त्र)

घटक क (Unit–1) अपरीक्षितकारक की प्रारम्भिक दों कथाएं

संस्तुतग्रन्थाः

1. प्रारम्भिकरचनानुवाद कौमुदी, डॉ0 कपिलदेव द्विवेदी
2. अनुवाद चन्द्रिका, चक्रधर नौटियाल

विद्यालङ्कार (B.A. Sanskrit Hons.)
संस्कृत विषय के लिये विस्तृत पाठ्यक्रम
Detail of the Core Course for Sanskrit
सत्र- द्वितीय (Semester –II)

आधारभूत पत्र (Core paper) | **संस्कृत-साहित्य (गद्य काव्य)** | **पूर्णाङ्क -100**

Paper Code – HSA-C211 | **Classical Sanskrit Literature (Prose)** | **सत्रान्त परीक्षा -70**

आन्तरिक परीक्षा-30

सकल-अर्जिताधिभार 06

प्रस्तावित पाठ्यक्रम (Prescribed Course)

खण्ड- क (Section-A) - शुकनाशोपदेश

खण्ड- ख (Section-B) - शिवराजविजय (प्रथम निःश्वास)

खण्ड- ग (Section-C)- संस्कृत- गद्यकाव्य की उत्पत्ति और विकास

पाठ्यक्रम का उद्देश्य-

इस पाठ्यक्रम का लक्ष्य छात्रों को संस्कृत के शास्त्रीय गद्य से परिचित कराते हुए संस्कृत गद्य के उद्भव और विकासकी पूर्ण जानकारी देना है। साथ ही सुललित गद्य की विधा से परिचित करवाते हुए संस्कृत उपन्यास भी इस पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गया है ताकि विद्यार्थी संस्कृत गद्य की उत्कृष्ट परम्परा से परिचित हो सकें। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्रों को स्वतन्त्र रूप से संस्कृत रचना करने औरसमझने में भी सहायता मिलेगी।

पाठ्यक्रम अध्ययन परिणाम-

1. इस पाठ्यक्रम के अध्ययन से छात्रसंस्कृतगद्य की विभिन्न विधाओं से परिचित हो सकेंगे।
2. संस्कृत की वाक्यरचना करने में प्रावीण्य भी आयेगा।

घटकानुरूप विभाजन (Unit-Wise Division)

खण्ड- (Section – A)
शुकनासोपदेश

घटक-क (Unit) –1 परिचय-कवि एवं कृति

घटक- ख (Unit) –2 (क) शुकनासोपदेश में चित्रितसमाज, धनमदजन्यदोष तथा राजनीतिकतत्त्व

(ख) बाणोच्छिष्टं जगत्सर्वम्, वाणी बाणो बभूव, पञ्चाननो बाणः आदि की तर्कसंगतता।

खण्ड- (Section – B)
शिवराजविजय (प्रथम नि:श्वास)

घटक (Unit) –1 (क) परिचय-कवि एवं कृति तथा काल-निर्धारण

(ख) व्याकरणात्मक-विश्लेषण, अनुवाद एवं स्पष्टीकरण (व्याख्या)

घटक (Unit-2 (क) कवि की काव्यात्मक विशिष्टता, विषयपरक विश्लेषण

(ख) शिवराजविजय के प्रथम निःश्वास में समाज, अम्बिकादत्त व्यास की भाषाशैली, प्रकृतिचित्रण एवं वैशिष्ट्य

खण्ड- (Section – C)
संस्कृत- गद्यकाव्य की उत्पत्ति और विकास

घटक (Unit) –1 (क) गद्यकाव्य की उत्पत्ति और विकास

(ख) प्रेमाख्यान एवं नीतिकथा सम्बन्धी महत्त्वपूर्ण गद्यकाव्य

घटक (Unit-2) (क) सुबन्धु, दण्डी, बाण, अम्बिकादत्त व्यास

(ख) पञ्चतन्त्र, हितोपदेश, वेतालपञ्चविंशतिका

संस्तुत ग्रन्थ

1. प्रहलाद कुमार, मेहरचन्द लछमनदास, शुकनासोपदश, दिल्ली
2. रामपाल शास्त्री, शुकनासोपदश, सुबोधिनी संस्कृत (हिन्दी व्याकरण), चौखम्बा ओरेन्टलिया, वाराणसी
3. रमाकान्त झा,शुकनासोपदश, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी
4. शिवराजविजय, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी
5. शिवराजविजय, साहित्यभण्डार, मेरठ
6. बलदेव उपाध्याय : संस्कृतसाहित्य का इतिहास, शारदा निकेतन, वाराणसी
7. प्रीतिप्रभा गोयल : संस्कृतसाहित्य का इतिहास, राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर
8. उमाशंकर शर्मा 'ऋषि' :संस्कृतसाहित्य का इतिहास, चौखम्बा भारती अकादमी, वाराणसी
9. राधावल्लभ त्रिपाठी: संस्कृतसाहित्य का अभिनव इतिहास, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी
10. A.B. Keith: History of Sanskrit Literature, also Hindi translation, MLBD, Delhi.हिन्दी अनुवाद, मंगलदेव शास्त्री, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली
11. M. Krishnamachariar : History of Classical Sanskrit Literature, MLBD, Delhi.
12. GaurinathSHSAtri: A Concise History of Sanskrit Literature, MLBD, Delhi.
13. Maurice Winternitz : Ancient Indian Literature (Vol. 1-2I), also Hindi Translation, MLBD, Delhi.

Note: Teachers are also free to recommend any relevant books/articles/e-resource if needed.

विद्यालङ्कार(B.A. Sanskrit Hons.)
संस्कृत विषय के लिये विस्तृत पाठ्यक्रम
Detail of the Core Course for Sanskrit
सत्र- द्वितीय (Semester –II)

आधारभूत पत्र (Core paper) | **गीता में आत्मप्रबन्धन** | **पूर्णाङ्क -100**
Paper Code – HSA-C212 | **Self Management in the Gita** | **सत्रान्त परीक्षा -70**
आन्तरिक परीक्षा-30
सकल-अर्जिताधिभार 06

प्रस्तावित पाठ्यक्रम (Prescribed Course)
खण्ड- क (Section– A) श्रीमद्भगवद्गीता : ज्ञानात्मक और भावात्मक साधन
खण्ड- ख (Section– B) श्रीमद्भगवद्गीता : मनोनियन्त्रण
खण्ड- ग (Section– C) श्रीमद्भगवद्गीता : भक्ति (उपासना) के माध्यम से आत्मनियन्त्रण

पाठ्यक्रम का उद्देश्य-

इस पाठ्यक्रम का प्रयोजन गीता में प्रतिपादित आत्मानुशासन दर्शन का अध्ययन कराना है। यह पाठ्यक्रम छात्रों को पारम्परिक व्याख्यान से अलग स्वयं के अनुभव के आधार पर अनुशासन को समझने तथा सीखने की सामर्थ्य प्रदान करता है तथा गीता के महात्म्य से परिचित कराता है।

पाठ्यक्रम अध्ययन परिणाम-

1. इस पाठ्यक्रम के अध्ययन से छात्र गीता के माध्यम सेआत्मनियन्त्रण का पाठ पढ़ कर सुखी जीवनचर्या को प्राप्त कर पायेंगे।
2. जीवन निर्द्वन्द्व होगा,समय समय पर उत्पन्न होने वाले कामुकता, क्रोध आदि विकारों पर नियन्त्रण कर पायेंगे।

घटकानुरूप विभाजन (Unit-Wise Division)

खण्ड-क (Section – A)
श्रीमद्भगवद्गीता : ज्ञानात्मक और भावात्मक साधन

घटक (Unit) –1 इन्द्रिय, मनस्, बुद्धि और आत्मन् का अनुक्रम (3.42 तथा 15.7), आत्मा की भूमिका (15.7,9) प्रकृति का परिणाम मन 7.4
सत्व, रजस् और तमस् गुणों का धर्म तथा इनका मन पर प्रभाव - अध्याय – 13.5,6, 14.5-8, 11-13, 14.17

खण्ड-ख (Section – B)
श्रीमद्भगवद्गीता : मनोनियन्त्रण

मनोनियन्त्रण-
घटक (Unit) –1 द्वन्द्व की प्रकृति- (1.1; 4.16; 1.45; 2.6)
कारणात्मक- अभिकर्ता :- अज्ञान 2.41, इन्द्रिय 2.60, मन 2.67, रजोगुण 3.36-39, 16.21; मन की दुर्बलता- 2.3, 4.5।
घटक (Unit-2) मन के नियन्त्रण के उपाय-
(I) ध्यान की कठनाईयाँ- 6.34, 35।
(II) **क्रियाविधि-** 6.11-14
(III) **सन्तुलित-जीवन-** 3.8, 6.16-17
(IV) **आहार-नियन्त्रण-** 17.8-10

(V) **शारीरिक एवं मानसिक अनुशासन** 17.14-19**;** 6.36
घटक (Unit-**3) द्वन्द्वसमाधान के कारक**
(I) ज्ञान का महत्त्व- 2.52**;** 4.38-39
(II) बुद्धि की शुद्धता18.30-32
(III) निर्णय लेने की प्रक्रिया- 18.63
(IV) इन्द्रिय नियन्त्रण 2.59,64
(V) कर्त्तृभाव का त्याग 18.13-16**;** 5.8,9
(VI) **निष्काम-भाव 2.**48,55
(VII) **अनासक्तभाव** 3.25

खण्ड-ग (Section – C) श्रीमद्भगवद्गीता : भक्ति (उपासना) के माध्यम से आत्मनियन्त्रण
घटक (Unit) –1 (1) अहंकार का त्याग- 2.7,47; 9.27; 8.7; 11.55
(2) निरर्थक वाद-विवादों का परित्याग- 7.21; 4.11; 9.26
(3) नैतिक-गुणों की प्राप्ति- 12**.**11,13-19

संस्तुतग्रन्थाः
1. श्रीमद्भगवद्गीता **—** मधुसूदनसरस्वतीकृत गूढ़ार्थदीपिका संस्कृतटीका तथा प्रतिभाभाष्य (हिन्दी)सहित**,**
2. श्रीमद्भगवद्गीता**,** व्याख्याकार **—** मदनमोहन अग्रवाल**,** चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान**,** वाराणसी**,** 1994.
3. श्रीमद्भगवद्गीता **—** एस0 राधाकृष्णन् कृत व्याख्या का हिन्दी अनुवाद**,** राजपाल एण्ड सन्स**,** दिल्ली**,** 1969.
4. श्रीमद्भगवद्गीतारहस्य और कर्मयोगशास्त्र **—** बालगङ्गाधर तिलक**,** अपोलो प्रकाशन**,** दिल्ली**,** 2008.
5. SHrimadbhagavadgeeta - English commentary by JayadayalGoyandka, Tattvavivecinee Geeta Press, Gorakhpur, **1997.**
6. SHrimadbhagavadgeetaraHSAya - The Hindu Philosophy of Life, Ethics andorKarmayogasHSAtra Religion, Original Sanskrit Stanzas with EnglishTranslation, Bal Gangadhar Tilak &Balchandra Sitaram Sukthankar,J.S.Tilak&S.S.Tilak, **1965.**
7. SHrimadbhagavadgeeta - A Guide to Daily Living, English translation and notes by Pushpa Anand, Arpana Publications, **2000.**
8. SHrimadbhagavadgeeta - The Scripture of Mankind, text in Devanagari with transliteration in English and notes by Swami Tapasyananda, Sri Ramakrishna Math, **1984.**
9. Chinmayananda - The Art of Man Making (**114** short talks on theBhagavadgeeta), Central Chinmaya Mission Trust,Bombay, **1991.**
10. Panchamukhi, V.R.- Managing One-Self (SHrimadbhagavadgeeta : Theory and Practice), R.S. Panchamukhi Indological Research Centre, New Delhi&AmarGrantha Publications, Delhi, **2001.**
11. Sri Aurobindo - Essays on the Geeta, Sri Aurobindo Ashram,a. Pondicherry,**1987.**
12. Srinivasan, N.K. - Essence of SHrimadbhagavadgeeta : Health & Fitness (commentary on selected verses), Pustak Mahal, Delhi, **2006.**
Note: Teachers are also free to recommend any relevant books/articles/e-resource if needed.

विद्यालङ्कार (B.A. Sanskrit Hons.)

Ability enhancement compulsory course (AECC)

An elective Course Chosen generally from an unrelated discipline/ Subject.

संस्कृत विषय के लिये विस्तृत पाठ्यक्रम

Detail of the AECCCourse (MIL) for Sanskrit

सत्र- द्वितीय (Semester-II)

आधारभूत पत्र (Core paper)

Paper Code – HSA- G211

संस्कृतसाहित्य

Sanskrit Literature

पूर्णाङ्क -100

सत्रान्त परीक्षा -70

आन्तरिक परीक्षा-30

सकल-अर्जिताधिभार 06

प्रस्तावित पाठ्यक्रम (Prescribed Course)

खण्ड-क (Section-A) हितोपदेश

खण्ड-ख (Section-B) चाणक्यनीति

खण्ड-ग (Section-C) संस्कृतगद्य एवं नीतिकाव्य का इतिहास

पाठ्यक्रम का उद्देश्य–इस पत्र का उद्देश्य छात्रों को संस्कृतसाहित्य के रूपरेखा से परिचित कराना है।

पाठ्यक्रम –अध्ययन परिणाम (Course Outcomes)-

1. इस पत्र के अध्ययन से छात्र गद्यसाहित्य को जानेंगे।
2. तत्प्रतिपादित जीवनोपयोगी ज्ञान प्राप्त करेंगे।

खण्डारूपविभाजनम् -

खण्ड -क (Section-A)

हितोपोदेश: मित्रलाभ की प्रथम दो कहानियाँ

घटक : 1 प्रस्तावना, प्रथम कथा (अनुवाद, व्याख्या एवं व्याकरणात्मक टिप्पणी)

घटक : 2 द्वितीय कथा (अनुवाद, व्याख्या एवं व्याकरणात्मक टिप्पणी)

खण्ड -ख (Section-B)

चाणक्यनीति

घटक : 1 चाणक्यनीति (श्लोक : 1-50) अनुवाद, व्याख्या एवं समालोचनात्मक प्रश्न

खण्ड-ग (Section-C)

संस्कृतगद्य एवं नीतिकाव्य का इतिहास

घटक : 1 गद्य एवं नीतिकाव्य की उत्पत्ति एवं विकास(सुबन्धु, दण्डी, बाण, अम्बिकादत्त व्यास, विष्णुदत्त शर्मा, पं0 नारायण शर्मा)

घटक : 2 कथासरित्सागर ,पञ्चतन्त्र, हितोपदेश तथा चाणक्यनीति (सामान्य परिचय)

प्रस्तवित पुस्तकें -

1. पण्डित जीबानन्द विद्यासागर ,हितोपदेश ,सरस्वती प्रेस कलकत्ता।
2. श्रीलाल उपाध्याय (अनुवादक) चाणक्यनीतिदर्पण,बैजनाथ प्रसाद बुक सेलर,बनारस ,1952।

3. बलदेव उपाध्याय,संस्कृत साहित्य का इतिहास ,शारदा निकेतन,बाराणसी।
4. उमाशंकर शर्मा ऋषि , संस्कृत साहित्य का इतिहास , चौखम्बा भारती अकादमी, वाराणसी।
5. राधावल्लभ त्रिपाठी , संस्कृत साहित्य का अभिनव इतिहास , विश्वविद्यालय प्रकाशन , वाराणसी।
6. ए.बी . कीथ संस्कृत साहित्य का इतिहास (हिन्दी अनुवाद, मंगलदे शास्त्री , मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली)
7. Gourinath shastri, A Concis history of Sanskrit Literature,MLBD,Delhi

विद्यालङ्कार (बी0ए0 संस्कृत ऑनर्स)
संस्कृत विषय के लिये CBCS आधृत विस्तृत पाठ्यक्रम
Generic Elective (GE) Course
द्वितीय सत्र (Semester –II)

मौलिक-वैकल्पिक-विषय	**भारतीयदर्शन के मौलिक सिद्धान्त**	**पूर्णाङ्क -100**
Generic Elective (GE)	**Fundamentals of Indian**	**सत्रान्त परीक्षा -70**
Paper–HSA– G213	**Philosophy**	**आन्तरिक परीक्षा-30**
		सकल-अर्जिताधिभार 06

प्रस्तावित पाठ्यक्रम (Prescribed Course)
खण्ड-क (Section-A) भारतीय दर्शन का सामान्य परिचय
खण्ड-ख (Section-B) भारतीय दर्शन की शाखाएँ
खण्ड-ग (Section -3) भारतीय दर्शन के उपपाद्य विषय

पाठ्यक्रम का उद्देश्य-

इस पत्र का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय दर्शन के सामान्य ज्ञान से अवगत कराना है। इसका एक उद्देश्य यह भी है कि विद्यार्थी भारतीय दर्शन के प्रारम्भिक पहलुओं को समझ सकें और संस्कृत में लिखे गए दर्शन सम्बन्धी ग्रन्थों को समझ सकें।

पाठ्यक्रम अध्ययन परिणाम-

1. इस पाठ्यक्रम के अध्ययन से छात्रभारतीय दर्शन की विविध विधाओं से परिचित हो जायेंगे।
2. कर्म आदि के सिद्धान्तों का जानकर जीवन में उनका बीजारोपण कर अपने को सफल कर पाने में समर्थ होंगे।

घटकानुरूप विभाजन (Unit-Wise Division)

खण्ड-क (Section -A)
भारतीय दर्शन का सामान्य परिचय
(दर्शन के मूलसिद्धान्त)

घटक-क (Unit–1) दर्शन: संकल्पना एवं उद्देश्य
घटक-ख (Unit–2) भारतीयदर्शन की शाखाओं का वर्गीकरण, भारतीय दर्शन की प्रमुख विशेषताएँ

खण्ड-ख (Section -B)
भारतीय दर्शन की शाखाएँ

घटक-क (Unit–1) (क) नास्तिक दर्शन : चार्वाकदर्शन – सामान्य परिचय, वेदविरोधी मान्यताएँ, भावातीत सत्ता (परमसत्ता) का खण्डन, आचारनीति (सर्वदर्शन संग्रह के आधार पर)
(ख) जैनदर्शन : सामान्यपरिचय, अनेकान्तवाद, स्यादवाद, सप्तभङ्गीन्याय, त्रिरत्न
(ग) बौद्धदर्शन: सामान्य परिचय, चार आर्य सत्य
घटक (Unit–2) आस्तिक दर्शन **(क)** साङ्ख्यदर्शन : सामान्य परिचय, प्रकृति और पुरुष, गुणत्रय (साङ्ख्यकारिका के आधार पर)
(ख) योगदर्शन : अष्टाङ्ग योग (योगसूत्र के साधनपाद के आधार पर)
घटक (Unit–3) न्याय और वैशेषिक : सामान्य परिचय और सप्त पदार्थ (तर्कसंग्रह के आधार पर)
घटक (Unit–4) अद्वैत वेदान्त : सामान्य परिचय, ब्रह्म, माया, जीव, जगत् (वेदान्तसार के आधार पर)
घटक (Unit–5) मीमांसा: स्वतःप्रामाण्यवाद
घटक (Unit–6) भक्तिवेदान्त: सामान्य परिचय, ब्रह्म, ईश्वर और प्रकृति की भक्ति

खण्ड-ग (Section-C)

भारतीय दर्शन के उपपाद्य विषय

घटक-क (Unit–1) (क) ज्ञानमीमांसा : षट् प्रमाण

(ख) तत्त्वमीमांसा: यथार्थवाद, आदर्शवाद, कार्य-कारण सम्बन्ध –सत्कार्यवाद, असत्कार्यवाद, प्रामाण्यवाद, विवर्त्तवाद, स्वभाववाद, चेतना एवं पदार्थ

(ग) आत्ममीमांसा

घटक-ख (Unit–2) आचारनीति (नीतिशास्त्र) : कर्म एवं पुनर्जन्म का सिद्धान्त, मोक्ष

सन्दर्भ-ग्रन्थ :

1. Bhartiya, Mahesh - BhāratīyaDarśanaKīPramukhaSamasyāeṁ, Ghaziabad, 1999.
2. Chatterjee, S. C. & D. M. Datta - Introduction to Indian Philosophy, Calcutta University, Calcutta, 1968 (Hindi Translation also) .
3. Chatterjee, S. C. – The Nyāya Theory of Knowledge, Calcutta, 1968.
4. Hiriyanna, M. - Outline of Indian Philosophy, London, 1956 (also Hindi Translation) .
5. SHSAtri, Kuppuswami, A Primer of Indian Logic, 1951 (only introduction) .
6. Bhartiya, Mahesh - Causation in Indian Philosophy, Ghaziabad, 1975.
7. O'Flaherty, Wendy Doniger – Karma and Rebirth in Classical Indian Tradition, MLBD, Delhi, 1983.
8. Pandey, Ram Chandra - Panorama of Indian Philosophy (also Hindi version), M.L.B.D., Delhi, 1966.
9. Radhakrishnan, S. - Indian Philosophy, Oxford University Press, Delhi, 1990.
10. Raja, Kuhnan - Some Fundamental Problems in Indian Philosophy, MLBD, Delhi, 1974.
11. Rishi, Uma Shankar (Ed.), Sarva-Darshana_Samgraha, ChowkhambaVidyabhawan, Varansi, 1984.

गुरुकुलकाङ्गड़ी (समविश्वविद्यालय), हरिद्वार

संस्कृतविभाग

CBCS आधृत विद्यालङ्कार (बी. ए. संस्कृत ऑनर्स)

पाठ्यक्रम के

द्वितीय वर्ष के दो सत्रों-तृतीय एवं चतुर्थका प्रारूप

त्रिवर्षीय इस पाठ्यक्रम का द्वितीय वर्ष भी दो सत्रात्मक तथा तृतीय एवं चतुर्थ सत्र के रूप में संकल्पित है। इनका भी प्रायः छः छः मास का काल है। इनके अन्तर्गत तृतीय एवं चतुर्थ दोनों सत्रों में पाँच पाँच पत्र कुल 10 पत्रों की पाठ्यसामग्री निर्धारित है। एक अन्य विशेष पत्र भी **भारतीय ज्ञानपरम्परा** के नाम से तृतीय सत्र में अनिवार्यरूपेण विश्वविद्यालय की परम्परा के अनुरूप पढ़ने के लिए संयुक्त किया गया है। इसप्रकार **ग्यारह पत्रों** वाले इस वर्ष के पाठ्यक्रम में दोनों सत्रों में **तीन तीन** पत्र मुख्य पाठ्यक्रम से सम्बद्ध रखे गये हैं अर्थात् कुल छः पत्रों के अध्यापन की संकल्पना मुख्य विषय के अन्तर्गत है। प्रत्येक पत्र कुल 100, 100 अंक का होगा। 100 अंकों का विभाजन भी परीक्षक द्वारा निर्धारित मानदण्डों के अनुसार प्रत्येक प्रश्न पत्र में 70 अंक का मूल्याङ्कन सत्रान्त परीक्षा के माध्यम से होगा, जिसमें परीक्षा के लिए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर तीन तीन घण्टे में देनें होंगे। एवं 30 अंक का मूल्याङ्कन अध्यापक के द्वारा आन्तरिक परीक्षा पर आधृत होगा और क्रेडिट की दृष्टि से 06, 06 क्रेडिट का प्रत्येक पत्र होगा, इसप्रकार कुल मिलाकर दोनों सत्रों के कुल अंकों का योग 100×3×2 = 600 रहेगा और क्रेडिट की दृष्टि से 6×3×2 =36 काहोगा। छः पत्रों से अतिरिक्त दोनों सत्रों में ही **एक एक** पत्र **कौशल अभिवृद्धि वैकल्पिक पाठ्यक्रम**(SkillEnhancement Elective Course) (SEC) के भी रखे गये हैं।इसके पत्रों का मूल्याङ्कन भी पूर्व पत्रों की तरह 70+30 के आधार पर होगा। दोनों सत्रों के दोनों पत्रों के अंकों का योग 100×1×2 = 200 रहेगा और क्रेडिट की दृष्टि से 4×1×2 =08 का होगा। दोनों सत्रों में एक एक पत्र प्रथम एवं द्वितीय सत्र के अनुरूप **Generic Elective** का पढ़ना होगा।जिसे छात्रों ने **वेद/दर्शन/योग/प्राचीन भारतीय इतिहास/राजनीति विज्ञान आदि किसी भी एक विषय में से** अपनी अभिरुचि के अनुसार चुन कर गत वर्ष पढा था। दोनों सत्रों के दोनों पत्रों के अंकों का योग 100×1×2 = 200 रहेगा और क्रेडिट की दृष्टि से 6×1×2 =12 काहोगा। तृतीय सत्र में **भारतीय ज्ञानपरम्परा** के नाम से अतिरिक्त एवं अनिवार्य पाठ्यक्रम की रूपरेखा भी विश्वविद्यालय की गरिमा के अनुसार निर्धारित है। इस पत्र का मूल्याङ्कन भी 70+30 के आधार पर 100 अंक का होगा और क्रेडिट की दृष्टि से 04 क्रेडिट का होगा।

विद्यालङ्कार (B.A. Sanskrit Hons.)
संस्कृत विषय के लिये विस्तृत पाठ्यक्रम
Detail of the Core Course for Sanskrit
सत्र-तृतीय (Semester- 3)

आधारभूत पत्र (Core paper) | शास्त्रीय संस्कृत साहित्य (नाटक) | **पूर्णाङ्क -100**

Paper Code HSA – C311 | **Classical Sanskrit Literature (Drama)** | **सत्रान्त परीक्षा -70**
आन्तरिक परीक्षा-30
सकल-अर्जिताधिभार- 06

प्रस्तावित पाठ्यक्रम (Prescribed Course)
खण्ड-क (Section- A) महाकविभास-स्वप्नवासवदत्तम् (नाटक) अंक : 1, 6
खण्ड-ख (Section- B) महाकविकालिदास – अभिज्ञानशाकुन्तलम् (नाटक) अंक : 1,4
खण्ड-ग (Section- C) कृष्ण मिश्र-प्रबोधचन्द्रोदय (नाटक), अंक-4, 5
खण्ड-घ (Section- D) संस्कृत नाटकों का समालोचनात्मक- अध्ययन

पाठ्यक्रम का उद्देश्य-

इस पाठ्यक्रम का ध्येय छात्रों को संस्कृत के प्रमुख नाट्य साहित्य से अवगत कराना है जोकि संस्कृत नाट्य के विकास के तीन कालों का प्रतिनिधित्व करता है।

पाठ्यक्रम अध्ययन परिणाम-

1. इस पाठ्यक्रम के अध्ययन से छात्रविभिन्न कालखण्डों में निर्मित संस्कृत नाट्य साहित्यसे परिचित हो पायेंगे।
2. अभिनय आदि की नाट्यकलाओं में भी योग्यता अभिरुचि के अनुसार प्राप्त करने में सक्षम होंगे।

घटकानुरूप विभाजन (Unit-Wise Division)

खण्ड- क (Section – A)
महाकविभास-स्वप्नवासवदत्तम् (नाटकम्) अंक : 1,6

घटक (Unit) –1 स्वप्नवासवदत्तम् -1 और **6 अंक** की विषय-वस्तु, अनुवाद और व्याख्या तथाभास की शैली की विलक्षणता, चरित्र-चित्रण।
घटक (Unit)–2स्वप्नवासवदत्तम् में1और 6 अंक का महत्त्व, समाज, विवाह के मानदण्ड, राज्य/वासवदत्ता की पुनर्प्राप्ति कथा , भासो हास: का विवेचन।

खण्ड- ख (Section – B)
महाकविकालिदास– अभिज्ञानशाकुन्तलम्(नाटकम्) अंक : 1,4

घटक (Unit) –1 (क)अभिज्ञानशाकुन्तलम्- लेखक-परिचय, काल-निर्धारण तथा प्रथम अंक की विषय-वस्तु- व्याकरणात्मक-विश्लेषण, अनुवाद एवं स्पष्टीकरण –व्याख्या, पारिभाषिक-विश्लेषण, यथा-नान्दी, प्रस्तावना, सूत्रधार, नटी, विष्कम्भक, विदूषक, कञ्चुकी।
